हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 दिसंबर 2023

04 सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराना...




07 विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों से कर रहे ...





## खबर संक्षेप

### सरपंच के लिए जमा हुए 7 नामांकन

**सीहोर**। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत उप चुनाव में सरपंच और पंच के पदों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके लिए नामांकन फार्म जमा किए जा रहे हैं। नामांकन फार्म जमा करने के अंतिम दिन हसनपुर तिनोनिया ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने अपने नामांकन फार्म जमा किए। वहीं दूसरी ओर तीन ग्राम पंचायतों के पांच पंचों के खाली पदों के लिए मात्र गावा पंचायत के एक खाली पंच के लिए दो व्यक्तियों ने नामांकन फार्म जमा किए, जबकि सीलखेड़ा और शाहांजपुर ग्राम पंचायत के दो-दो पंचों के खाली पदों के लिए किसी ने भी नामांकन फार्म जमा नहीं किया। शनिवार को नामांकन फार्म की जांच की जाएगी।

### पर्यावरण शिक्षा पर हुई कार्यशाला

**सीहोर**। शुक्रवार को शहर के चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में पर्यावरण शिक्षा एवं संरक्षण समिति ने पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला विश्व युवा केंद्र नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित थी। इस कार्यक्रम के विश्व युवा केंद्र के डेवलपमेंट ऑफिसर अजीत राय ने पर्यावरण संरक्षण और वर्तमान में पर्यावरण को हो रही हानि के विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता ने विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देने की बात कही।

### वर्चुअल युवा उत्सव का आयोजन 30 को

**सीहोर**। जिला स्तर पर वर्चुअल युवा उत्सव का आयोजन 30 दिसंबर को किया जाएगा। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव में 8 विधाएं, लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी आदि विधाओं में प्रस्तुतियां प्राप्त की जाएंगी। प्रतिभागी को 26 दिसंबर शाम 5 बजे तक अपने प्रदर्शन का निर्धारित समय-सीमा का वीडियो बनाकर खेल ओर युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर**। सड़क पर पाए जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

## आरओबी के निर्माण में नहीं रखा गया गुणवत्ता का ध्यान, समय से पहले उखड़ने लगा

# 3 साल में ही 11 करोड़ की लागत से बने आरओबी में दिखने लगे बड़े-बड़े गड्ढे

ब्रिज निर्माण में जिन तारों का प्रयोग किया गया, वह गड्ढों में से झांकते हुए दिखाई दे रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सुनो सरकार.. ये तो हद ही हो गई है लापरवाही की... शहर के एक मात्र ओवरब्रिज की खस्ताहाल सड़क को देखकर तो कुछ नहीं कहा जा सकता है। शहर के मंडी क्षेत्र और सौ से अधिक गांवों को शहरी क्षेत्र से जोड़ने वाला ओवरब्रिज बड़े उतार-चढ़ाव के बीच निर्माण हुआ था, लेकिन तीन साल के भीतर ही रेलवे ओवर ब्रिज पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे दिखने लगे हैं। ब्रिज की सड़क खस्ताहाल हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है।

ज्ञात रहे कि करीब तीन साल पहले 11 करोड़ की लागत रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हुआ था। सीहोर में कई सालों बाद रेलवे ओवरब्रिज बनने बनने पर शहर के लोगों में असीम उत्साह था। लोगों का कहना था कि अब फाटक बंद होने की जिल्लद से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन ओवर ब्रिज तीन साल में ही बदहाल नजर आने लगा है। रेलवे ओवर ब्रिज की हालात इतनी खराब है कि ब्रिज पर जगह-जगह बड़े गड्ढे साफ-साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।

### 4 साल के लंबे समय में बनकर तैयार हुआ था ब्रिज

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर में कई गांव को सीहोर शहर से जोडऩे के लिए रेलवे ओवर ब्रिज चार साल में बनकर तैयार हुआ था। ओवर ब्रिज का निर्माण सेतु विभाग निगम



एवं रेलवे द्वारा किया गया। इस कार्य में 3 से 4 साल लगे। 4 साल के इंतजार के बाद 2020 में कांग्रेस शासन काल में आनन-फानन में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इस ब्रिज का उद्घाटन किया था।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

जानकारों की मानें तो ओवरब्रिज में बन चुके गड्ढों को शीघ्र ही मरम्मत नहीं कराई गई तो ये गड्ढे बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। ज्ञात रहे कि रेलवे ओवर ब्रिज वैसे भी सर्पिलाकार बना हुआ है। तेज गति में निकलने वाले वाहनों के चलते हमेशा हादसों का डर बना रहता है। इसके बाद भी ब्रिज की सड़क पर जगह-जगह बन चुके गड्ढों की मरम्मत नहीं की जा रही है। हिालात ये है कि ब्रिज निर्माण में जिन तारों का प्रयोग किया गया, वह गड्ढों में से झांकते हुए दिखाई दे रहे थे।



## कोरोना काल में रेमडेंसीविर की कालाबाजारी करने वाले को तीन साल की सजा



**आष्टा**। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कंचन सक्सेना के न्यायालय ने आरोपी नरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता रूपसिंह ठाकुर निवासी अतरालिया जावर को भारतीयदंड विधान की धारा 467 में तीन साल का कारावास और 4 हजार रूपए का जुर्माना एवं धारा 468 में दो साल की सजा और दो हजार रुपए के जुर्माना से दंडित किया गया। जानकारी के अनुसार पार्वती थाना प्रभारी प्रवीण जाधव को सूचना मिली की सरकार मेडिकल स्टोर मालीपुरा जोड आष्टा द्वारा रेमडेंसीविर इंजेक्शन (बायल) को अत्याधिक दाम पर बेचकर लोगों के साथ छल कर आपदा के समय जीवन रक्षित दवाई की कालाबाजारी कर अवैध लाभ कमाया जा रहा है। सीहोर के औषधी निरीक्षक द्वारा भी रेमडेंसीविर इंजेक्शन (बायल) की कालाबाजारी के संबंध में लिखित आवेदन जांच के लिए प्रस्तुत किया गया। इसके बाद एक टीक का गठित की गई। इसके बाद सरकार मेडिकल स्टोर मालीपुरा आष्टा, महादेव अस्पताल आष्टा, लाइफ लाइन अस्पतााल आष्टा, देवश्री अस्पतााल जावर जोड, डे केयर अस्पताल और अन्य अस्पतालों जी जांच की गई और खरीदी बिक्री का रिर्काड चेक किया गया। जांच पर कथनों से तथ्य प्रकाश में आया कि स्थानीय सरकार मेडिकल स्टोर के संचालक शेषपाल ठाकुर और जयदीप ठाकुर के द्वारा कोरोना से पीड़ित मरीज का अंटेडर बनकर स्थानीय मीत मेडिकल से रेमडेंसीविर इंजेक्शन (बायल) प्राप्त कर अपने साथी राकेश राजपूत और संदीप महेश्वरी के माध्यम से अत्याधिक दाम पर विक्रय कर अवैध लाभ अर्जित किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी नरेन्द्र सिंह ठाकुर को शेषन न्यायाधीश कंचन सक्सेना ने दोषी पाते हुए तीन साल की सजा और 6 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## रेहटी पुलिस ने वेयर हाउस से गेहूं की बोरियां चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को किया गिरफ्तार

**रेहटी**। पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा जिले में हो रही लगातार चोरियों की रोकथान के संबंध में धरपकड़ के लिए दिए गए निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग, एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वेयर हाउस से गेहूं की बोरियां चुराने वाले गिरोह को माल समेत गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

फरियादी बृजेश नागर पिता खुमान सिंह नागर निवासी इकलामा थाना औबेदुल्लागंज ने रिपोर्ट की कि हमारे ग्राम मोगर स्थित वेयर हाऊस मे शासकीय तुलवाई मे गेहू व धान भरवाई जाती है। दिनांक 16-12-23 को सुबह सुबह कोई अज्ञात आरोपी चौकीदार के कमरे को बाहर से बंद करके वेयर हाउस के ताले तोडकर,काटकर वेयर हाउस में रखी हुई गेहूँ की 54 बोरियाँ प्रत्येक बोरी 50 किलो की चुरा ले गया है रिपोर्ट पर अपराध 584/23 धारा 457-380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो लोग एक वाहन से चोरी के गेंहू बेचने की फिराक मे ग्राम बोरी मे घूम रहे है। सूचना की पुष्टि हेतु पुलिस टीम ग्राम बोरी पहुची जहाँ टाटा इन्ट्रा लोडिंग गाडी क्रमांक MP 13 ZF 4887 में गेहू की बोरिया सहित दो व्यक्तियो बाबू पटेल उर्फ बबलू पटेल, दिनेश



बंजारा को पकडकर पूछताछ की गई । जिन्होने अपने दो अन्य साथियों रोहित यदुवंशी और मुकेश के साथ मिलकर टाटा इन्ट्रा से ग्राम मोगरा के पास देवीसिंह वेयर हाउस से चोकीदार को बंद करके वेयर हाउस के ताले तोड कर व काट कर वेयर हाउस के अन्दर रखी 54 गेहू की बोरिया चोरी कर ली थी जिन्हे बैचने के लिये घूम रहे थे कि पुलिस ने पकड लिया। दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर टाटा इन्ट्रा लोडिंग गाडी क्रमांक MP 13 ZF 4887 एवं 54 बोरिया गेहू कुल 27 क्विंटल कीमती 72 हजार रूपये का जप्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान दोनो आरोपीगणो मे अपने गिरोह के साथियों रोहित पिता रामकृष्ण निवासी गोदडी, अर्जुन पिता सरदार सिंह निवासी सुरगी, बंटी उर्फ लोकेन्द्र पिता राम सिंह पुस्कर निवासी इन्द्रानगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन, शेखर पिता समदर चौहान निवासी एकलदुना थाना सातलपुर जिला धार, भादर परमार पिता बाबूलाल निवासी एकलदुना थाना सातलपुर जिला धार हाल निवासी 14/3 नंदानगर इन्दौर, मुकेश के साथ थाना रेहटी क्षेत्र के आनादि वेयर हाउस मे भी चोरी करना बताया। फरार आरोपी रोहित एवं अर्जुन के द्वारा पूर्व मे भी रेहटी, जावर जिला सीहोर, सिवनीमालवा जिला होशगाबाद एवं जिला नीमच, उज्जैन, हरदा, रायसेन मे भी इनके गिरोह के द्वारा चोरी की गई थी। वर्तमान ने अर्जुन एवं बंटी जिला नीमच में शोरूम तोडकर कार चुराने के अपराध में गिरफ्तार है एवं रोहित एवं शेखर, मुकेश वर्मा भी फरार है। आरोपी दिनेश बंजारा थाना रेहटी का स्थाई वारंटी है एवं थाना जावर के अपराध मे पूर्व से फरार है।

**आरोपी :** बाबू पटेल उर्फ बबलू पटेल पिता शेर मोहम्मद निवासी इन्द्रा नगर नागझिरी, दिनेश बंजारा पिता रमेश बंजारी निवासी इन्द्रा नगर नागझिरी।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, उनि दीपक सर्राटी, सउनि भवानीशंकर सिंह सिकरवार, सउनि पंदमसिंह जादौन, प्रआर. जयनारायण, प्रआर. 701 दीपक सेन, प्रआर. सुमेरसिंह उइके, आर. लवकेश जाट, आर. अभिषेक यादव, आर. मनोक परते, आर. रामूलाल उइके, सेनिक अनोखीलाल, आर. विकाश चौरसिया एवं सायबर सेल टीम सीहोर, कपिल रघुवंशी ग्राम सुरक्षा समिति सदस्य की सराहनीय भूमिका रही।

## एक्सीलेंस सीहोर के छात्र-छात्राओं ने बालरंग प्रतियोगिता में प्रदेश में फहराया परचम




**सीहोर**। लोक शिक्षण संचालनालय स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बाल रंग 2023 का राज्य स्तर बालरंग प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित किया गया। जिसमें जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राओं ने अपने जिले व संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए संस्कृत वेशभूषा नृत्य खानपान आदि विभिन्न मंचों पर प्रदर्शन किया राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सीहोर जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.1 सीहोर के संगीत शिक्षक अभिषेक विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए लोकगीत गायन प्रतियोगिता व सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उर्दू निबंध प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थी दर्शना दोहरे प्रीति परमार, शिवानी प्रजापति, जानवी बैरागी, मरहवा सिद्धकी, नियांश यादव, निराज प्रजापति, कृष्णा राठौर द्वारा मालवांचल का बसंत ॠतु पर आधारित फागुन बहार लोक गीत का सुंदर मंचन किया गया साथ ही छात्रा रेनू राजपूत ने सुलेख में व मो.शाहेज़मन का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.1 सीहोर की प्राचार्य सुनीता जैन सीहोर के जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर सहित सन्तोष सोनी, देवेंद्र राय, डॉ. देवेंद्र साहू, डॉ राजेंद्र देशमुख, ललित अहिरवार, एल एन आहूजा, राखी नामदेव, संगीत शिक्षक अभिषेक, जितेंद्र शर्मा, शीबा खालिदा, ऊषा शर्मा ने बालरंग के समस्त प्रतिभागियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दीं।

## कॉलेज चलो अभियान किया गया प्रारंभ

**सीहोर**। शासकीय चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय में राज्य शासन के निर्देश अनुसार सत्र 2024-25 के लिए कॉलेज चलो अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा शहर के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली, शारदा हायर सेकंडरी स्कूल, नूतन हायर सेकंडरी स्कूल एवं आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में जाकर विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020, ई-प्रवेश, महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विद्यार्थियों को ई-प्रवेश एवं विषय चयन से संबंधित समस्याओं को महाविद्यालय द्वारा बनाए गए हेल्प सेंटर के माध्यम से हल करने के लिए भी प्रेरित किया गया।



### आयुष्मान आपके द्वार 3.0 अभियान 31 तक

**सीहोर**। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिए गये निर्देशानुसार आयुष्मान भव योजनांतर्गत मिशन मोड में 31 दिसंबर तक स्वास्थ्य सेवाओं का संतृप्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में 31 दिसंबर तक समस्त शेष पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। योजना के तहत आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला हेल्थ एंड बेलनेश सेंटर स्वास्थ्य संस्थाओं पर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर, आंगनबाड़ी एवं शासकीय शालाओं में बच्चों की स्क्रीन, आयुष्मान ग्राम पंचायत, सेवा पकड़ा का आयोजन किया जाना है।

## जलवायु परिवर्तन पर हेल्थ वर्कर को दिया गया प्रशिक्षण

# कर्मचारी जन्मदिवस पर पौधा जरूर लगाएं : डॉ. डेहरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के हेल्थ वर्कर को प्रशिक्षण सीएमएचओ कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें मास्टर प्रशिक्षण डॉ.अंकित चाण्डक जिला स्वास्थ्य अधिकारी तथा डॉ. रूचिरा उईके एपीडियोमिलॉजिस्ट द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने कहा कि सभी कर्मचारी अधिक से अधिक पेड़ जरूर लगाएं विशेषकर अपने जन्म दिवस पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं तथा एक दिन साईकिल से अपने कार्यस्थल पर पहुंचे के साथ उन्होंने पर्यावरण बचाने के लिए लागू अन्य उपायों पर भी अमल करने की बात कही।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण में प्रदूषण एवं बचाव एवं नियंत्रण के लिए निर्देशित किया गया एवं विभिन्न प्रदूषण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रदूषण के कारण एवं उनसे होने वाले खतरनाक प्रभावों और उनको नियंत्रित करने वाले रोकथाम व उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। ज्ञात हो कि प्रदूषण के कारणों में जीवाश्म इंधन का जलना, ऑटोमोबाईल, कृषि गतिविधियां, कारखाने एवं उद्योग,खनन गतिविधियां, घरेलू स्रोत आदि पर जानकारी दी गई। प्रभाव में रोग,ग्लोबल वॉर्मिंग , अम्ल वर्षा, ओजोन परत, रिक्तिकरण, जानवरों पर प्रभाव पर प्रशिक्षित किया गया। स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बताया कि हृदय रोग, फेफडो का केंसर, बच्चों के शारीरिक विकास में बाधा, मानसिक रोग, रक्त का विषेला होना, बालों का झड़ना, एलर्जी एवं संक्रमण, गले में खरास एवं दर्द शामिल है एवं जरूरी जानकारी प्रदान की गई।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सड़क निर्माण का निरीक्षण कर कहा गुणवत्ता का रखें ध्यान

**सीहोर**। शहर में विधानसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद से ही विकास कार्य का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर के सबसे व्यस्त मार्ग कहे जाने वाले इंदौर नाके से कस्बा स्थित उत्कृष्ट विद्यालय तक बनाए जाने सड़क का निर्माण शनिवार को हो गया है। सड़क निर्माण के बाद इसका निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार को गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रवासियों की मांग पर ही शहर के इंदौर नाके से उत्कृष्ट विद्यालय जाने वाली इस सड़क का करीब 54 लाख की लागत से निर्माण कार्य किया गया है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्डों में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें तथा चल रहे कार्यों का पर्यवेक्षण भी ठीक ढंग से कराएं। गत दिनों नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में पीआइसी की बैठक हुई थी, जिसमें शहर के विकास और नगर पालिका की आंतरिक व्यवस्था से जुडें मुद्दों पर चर्चा की गई। नपाध्यक्ष राठौर ने बताया कि शहर की जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए कायाकल्प अभियान के तहत डामरीकरण के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृति दी है। गत दिनों विधानसभा चुनाव होने के कारण कुछ अधूरे पड़े हुए थे, इनको पूर्ण किया जा रहा है। शहर में विकास के लिए राशि की कमी आएगी।



खबर संक्षेप

### श्रम कल्याण मंडल को अभिदाय राशि पोर्टल से जमा कराएं

**सीहोर**। मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल के कल्याण आयुक्त रत्नाकर झा ने मध्यप्रदेश कल्याण निधि अधिनियम 1982 एवं नियम 1984 के अन्तर्गत आने वाली प्रदेश की समस्त औद्योगिक इकाइयों तथा प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों से नियमानुसार अभिदाय राशि पोर्टल के माध्यम से यथाशीघ्र मंडल में जमा कराने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान अभिदाय राशि जमा नहीं करवाई पाया जाने पर ऐसे संस्थान और प्रतिष्ठान के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। कल्याण आयुक्त ने कहा कि कारखानों तथा ऐसे समस्त प्रतिष्ठान, जिनमें 9 से अधिक श्रमिक/कर्मचारी कार्यरत हैं और उनका नाम कैलेण्डर वर्ष में जनवरी से दिसम्बर तक 30 कार्य दिवसों का दर्ज है, को नियमानुसार अभिदाय राशि प्रत्येक छः माह में जून एवं दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह तक मंडल को निर्धारित प्रारूप में पोर्टल पर जमा कराना अनिवार्य है। होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, नर्सिंग होम, निजी स्कूल एवं कॉलेज, सिक्यूरिटी एजेन्सी, आउट सोर्स एजेन्सी सर्विस सेक्टर के प्रतिष्ठान, गैस एजेन्सी, व्यापार अथवा व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठान शामिल है। प्रबंधकों का यह नैतिक दायित्व है कि उद्योग में कार्यरत श्रमिकों को मंडल की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रेरित करें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के दिए निर्देश

# सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अधिकारीः प्रवीण सिंह

निर्माण कार्य जितनी जल्दी पूर्ण होंगे, आमजन को उतनी ही जल्दी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा सकेगा। सभी अधिकारी निचले अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्यों को पूर्ण कराएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य जितनी जल्दी पूर्ण होंगे, आमजन को उतनी ही जल्दी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा सकेगा। सभी अधिकारी निचले अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्यों को पूर्ण कराए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित अधिकारी नियमित चल रहे कार्यों की समीक्षा करें और समय समय पर कार्य स्थल पर जाकर कार्यों का निरीक्षण करें ताकि प्रगतिरत कार्य समय पर पूर्ण हो।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, आवासीय भू अधिकार, स्वामित्व योजना के साथ ही अनेक हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की और हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित अनेक जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के दिए निर्देश**

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह कहा कि शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में यह यात्रा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही निकाली जाए। यात्रा के दौरान कोई पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाए। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जिले अब तक निकाली गई विकसित भारत यात्रा के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी पात्र हितग्राहियों को मौके पर शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके, इसके लिए संबंधित विभाग स्टॉल लगाए और हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें।

## हितग्राहियों को लाभान्वित करने का सुलभ माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे है और अनेक विभागों द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है।

भैरून्दा जनपद की ग्राम पंचायत धौलपुर, चौरसाखेड़ी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की प्रमुख योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव में निकाली जा रही है। उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए छूटे हुए हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## हमें भगवत गीता का ध्यानपूर्वक श्रवण करना और पढ़ना चाहिए : सचिन त्रिवेदी



**सीहोर**। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में हर साल की तरह इस साल भी गीता जयंती का दो दिवसीय महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सुबह से लेकर देर शाम तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, वहीं शाम को पांच बजे ब्राह्मण समाज की ओर से राजेश शर्मा और परमार समाज की ओर से विष्णु परमार, जिला संस्कार मंच की ओर मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने यहां पर मौजूद बुजुर्गों सहित अन्य को गीता की प्रतियां वितरित की गई। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से संकल्प वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह ने गीता की महत्ता बताते हुए कहा कि भगवद गीता भगवान के मुख से निकली है। हमें भगवद गीता का ध्यानपूर्वक श्रवण एवं इसे पढना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि गंगा में स्नान करने से मनुष्य के सारे पाप कट जाते हैं। गंगा भगवान के चरणों से निकली है। ठीक उसी तरह भगवद गीता भी भगवान के मुखारविंद से निकली है। इसलिए हमें गीता रुपी गंगा में स्नान करके भवसागर से पार होने के लिए प्रयत्शील रहना चाहिए। वहीं ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री शर्मा ने कहा कि गीता जयंती और मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर भारत में वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तथा सनातन धर्म में भागवत गीता के बारे में जानकारी प्रदान करने तथा घर-घर तक गीता का ज्ञान पहुंचने के लिए श्रीमद् भागवत गीता की पुस्तकों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उज्जैन स्थित शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी ने कहा कि गीता, वेदों और उपनिषदों का सार, इस लोक और परलोक दोनों में मंगलमय मार्ग दिखाने वाला, कर्म, ज्ञान और भक्ति- तीनों मार्गों द्वारा मनुष्य के परम श्रेय के साधन का उपदेश करने वाला अद्भुत ग्रंथ है। इसके छोटे-छोटे अठारह अध्यायों में इतना सत्य, इतना ज्ञान, इतने ऊंचे गंभीर सात्विक उपदेश भरें हैं, जो मनुष्य को नीची से नीची दशा से उठाकर देवताओं के स्थान पर बिठा देने की शक्ति रखते हैं। मनुष्य का कर्तव्य क्या है? इसका बोध कराना गीता का लक्ष्य है।

गीता सर्वशास्त्रमयी है। श्रीकृष्ण ने किसी धर्म विशेष के लिए नहीं, अपितु मनुष्य मात्र के लिए उपदेश दिए हैं। जय-पराजय, लाभ-हानि और सुख-दुःख सभी को समान समझने के बाद फिर युद्ध करना चाहिए। इस तरह युद्ध करने से पाप नहीं लगता है। गीता के इस श्लोक में मनुष्य को जीवन की सभी परिस्थितियों में समान रूप से व्यवहार करने के लिए कहा गया है। फिर वो चाहे अच्छी हालात हो या बुरे, इंसान को अपना व्यवहार नहीं बदलना चाहिए। इस तरह का व्यवहार जो भी रखेगा, ऐसा इंसान कभी परेशान नहीं होगा।

## सेल्फी के माध्यम से दर्ज हो रही 21 हजार कार्मिकों की रियल टाइम उपस्थिति

**सीहोर**। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष प्रयासों से सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए दिन-प्रतिदिन नई तकनीकों को उपयोग में लाया जा रहा है जिससे मानव संसाधन गतिविधियों में पारदर्शिता के साथ ही उपभोक्ता सेवाओं में भी वृद्धि हुई है। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग द्वारा इन हाउस निर्मित की गई ई-अटेंडेंस पोर्टल को सफलतापूर्वक कंपनी मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रीय और मैदानी कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए लागू किया है। ई-अटेंडेंस पोर्टल के माध्यम से नियमित, संविदा कार्मिकों और बाह्य स्त्रोत कार्मिकों सहित कंपनी में कार्यरत लगभग 21 हजार से अधिक कार्मिक इस ई-अटेंडेंस पोर्टल के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। ई-अटेंडेंस पोर्टल के माध्यम से कार्मिक लॉग इन कर अपनी उपस्थिति देख सकेंगे और उपस्थिति में सुधार के साथ ही अवकाश आवेदन भी प्रस्तुत कर सकेंगे।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लागू किये गये ई-अटेंडेंस पोर्टल के माध्यम से कार्मिक कार्यालय में प्रवेश कर अपने बैठने के निर्धारित स्थान से मोबाइल द्वारा सेल्फी लगाकर तथा कार्यालयीन समय के बाद कार्यालय छोड़ते समय भी सेल्फी लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करना शुरु कर दी है। कार्मिकों द्वारा सेल्फी लगाने पर इस पोर्टल पर कार्मिकों की उपस्थिति अक्षांश और देशांतर के आधार पर रियल टाईम दर्ज हो रही है। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा कार्यालयीन कार्यों के साथ ही उपभोक्ता सेवाओं के लिए एक दर्जन से भी अधिक आईटी के ऐसे अनुप्रयोग लागू किये हैं जो कि देश के पॉवर सेक्टर में एक मिसाल बन गये हैं। कंपनी द्वारा बनाए गए ई-अनुप्रयोगों में उच्चदाब से लेकर निम्नदाब, कृषि उपभोक्ता, गैर घरेलू उपभोक्ता और अन्य श्रेणी के सभी उपभोक्ताओं को आनलाइन आवेदन करने पर कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

## ओल्ड स्कूल फाइटर ने क्रिसेंट को 25 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आरंभ हुई आईपीएल की तर्ज पर केपीएल ट्राफी का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शनिवार की सुबह पहला मैच ओल्ड स्कूल फाइटर टीम और क्रिसेंट डायनामिक के मध्य खेला गया था। इस एक तरफा मुकाबले में ओल्ड स्कूल फाइटर ने क्रिसेंट को 25 रन से हराया।

शनिवार को सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओल्ड स्कूल फाइटर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दस विकेट खोकर 169 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जिसमें विस्फोटक बल्लेबाज अतुल कुशवाहा ने तीन छक्के के साथ मात्र 63 गेंद पर 86 रन और हेमंत केसरिया ने 32 गेंद पर 41 रन की शानदार पारी खेली। इधर क्रिसेंट की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदर्श राय ने तीन, विशांक शिंदे ने दो विकेट, हेमंत चौरसिया, राहुल और निरज ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट टीम 20 ओवर में 144 रन बनाए थे। इसमें टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी आशीर्ष शर्मा ने 17 रन, राहुल ने 35 रन, आदर्श राय ने 32 रन, विशांक शिंदे ने 10 रन और निरज मेहरा ने 11 रन की पारी खेली। इसके अलावा ओल्ड स्कूल फाइटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रखर सेन ने तीन, दीपेश सेने, सचिन वर्मा ने दो-दो विकेट और अतुल त्रिवेदी ने एक विकेट हासिल किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार से आरंभ हुए केपीएल ट्राफी के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए थे। इसमें दूसरे मुकाबले में इलेवन आल राउंडर ने कृष्णा ब्लास्टर को पांच विकेट से हराया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर ने बीस ओवर में दस विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए थे। इसमें मयंक जैन ने 61 रनऔर रोनक ने 15 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा इलेवन आल राउंडर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अबूवाकर खान ने चार विकेट, उज्जवल-अभय ने दो-दो विकेट और शहिद ने एक विकेट हासिल किया। इधर जबाव में रनों का पीछा करने उतरी इलेवन आल राउंडर टीम ने विजय लक्ष्य 17.3 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल किया। इसमें जितेन्द्र जायसवाल ने 23 रन, गौरव पिचोनिया ने 58 रन, सुनील जलोदिया ने 22 रन की शानदार पारी खेली।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले मैच का पुरस्कार अतुल कुशवाहा को उनकी विस्फोटक पारी के बदौलत दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरूस्कार

**सीहोर**। भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरूस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा। सडक दुर्घटनाओं की जानकारी आईरेड एप के माध्यम से संकलित की जाती है एप मे घटना की लाईव एंट्री,घटना के वाहन नं0, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट की जानकारी दर्ज की जाती है।

## बिना रॉयल्टी और ओवरलोड होने पर रेत से भरी 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**सीहोर**। माइनिंग विभाग ने कार्रवाई करते हुए रेत से भरे 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर कोतवाली में खड़ा कराया है। इनमें से कुछ तो ओवर लोड हैं जबकि कइयों के पास रायल्टी ही नहीं थी। इसलिए चेकिंग के दौरान इन सभी को यहां पर खड़ा करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार माइनिंग विभाग ने रेत के वाहनों के लिए चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान रेत ले जा रहे वाहनों को चेक किया गया। यह कार्रवाई इछावर रोड पर की गई। यहां पर रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब रोका तो इनमें से कुछ में तो क्षमता से अधिक रेत भरी हुई थी। कुछ ऐसे थे जिनके पास रायल्टी ही नहीं थी और वह रेत भरकर ला रहे थे। इन सभी 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर इन्हें कोतवाली में खड़ा कराया गया। इन सभी के प्रकरण बनाकर कार्रवाई के लिए लिखा गया है।



## कोविड-19 के नवीन वेरियंट जे.एन.1 को लेकर दिशा निर्देश जारी

**सीहोर**। वैश्विक महामारी के परिदृश्य में कोविड-19 के पॉजिटिव तथा एक्टिव मरीजों की संख्या में पुनःवृद्धि परिलक्षित होने के मद्देनजर तथा कोविड-19 के नवीन वेरियंट जे.एन.1 को लेकर अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत साधारण सर्दी जुकाम वाले रोगी भी कोविड-19 के लक्षण के साथ ओपीडी में उपस्थित हो सकते है। समस्त संदिग्ध व्यक्ति आईएलआई लक्षण वाले जिन्होंने पिछले 14 दिनों में विदेश यात्रा की हो, जो प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि कि किए गए केस के संपर्क में आए हो। समस्त संदिग्ध व्यक्ति जो हॉटस्पाट अथवा कन्टेंमेंट जोन के निवासी हो समस्त अस्पताल में भर्ती मरीज जिनमें आईएलआई के लक्षण प्रकट हुए हो उन सभी को अपना आटीपीसीआर टेस्ट अवश्य कराना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने जारी निर्देशों में कहा कि प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा कोविड-19 रोगी की क्लीनिकल स्थिति का आंकलित कर ऑक्सीजन की आवश्यकता, ऑक्सीजन की फ्लोदर तथा यथोचित सैचुरेशन नियंत्रित कर आक्सीजन थैरेपी का तर्कसंगत उपयोग सुनिश्चित किया जाएं। अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता तथा अस्प्तालों की क्षमता के अवलोकन के लिए नियमित रूप से ड्रॉयरन का आयोजन, सभी गंभीर रूप से संक्रमित पाए व्यक्तियों की कांटेक्ट टेaसिंग सुनिश्चित की जाएं। पर्याप्त वेंटेलेशन एवं मास्क का उपयोग सुनिश्चित किया जाएं। ऐसे क्षेत्र जहां कोविड के ज्यादा प्रकरण आ रहे हो वहां सर्विलेंस गतिविधियों पुनःप्रारंभ की जाएं। आगामी उत्सवों की तैयारियों के लिए आवश्यक है कि कार्यक्रम आयोजकों द्वारा भीड़ का उचित प्रबंधन किया जाएं।

आदिवासी कांग्रेस ने किया नेता प्रतिपक्ष सिंघार का स्वागत

## सभी मुद्दों को सरकार के सामने उठाएंगेः नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सीहोर अल्प प्रवास पर थे इस दौरान सैकडाखेडी बायपास पर आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित नर्रे के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मामा तो चले गए अब लाडली बहना भी जाने वाली है। सभी मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा, बेरोजगारी, बैकलाग पदों पर भर्ती या फिर पटवारी भर्ती मुददे को पूरी ताकत के साथ उठाया जाएगा। कहा कि बीजेपी ने चुनाव के बाद लाडली बहना को संकल्प पत्र से गायब कर दिया मुख्यमंत्री ने भी सदन में गोल मोल जवाब दिया। हालंकि उन्होंने कहा कि खातों में पैसा जाएगा, मगर मुझे नहीं लगता है लाडली बहनों को पैसा मिलेगा, आवास के फार्म भरवाए थे ना ही उन्हें घर मिलेगा ना ही तीन हजार मिलेंगे, लाडली बहना भी जाने वाली है बीजेपी वादा खिलाफी कर रही है, चुनाव जीतने के बाद बेजीपी ने अपना रंग बदल दिया। यह कहते हैं हमारी डबल इंजन की सरकार है,एक इंजन दिल्ली में जब जुड़ेगा तो यहां भी मंत्री मंडल बनेगा, पूर्व सीएम शिवराज के बयानों को लेकर उमंग सिंगार ने कहा कि यह बीजेपी की अंदरूनी लड़ाई है... नए व्यक्ति को किया है, उन्हे भी सम्मान मिलना चाहिए। आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित नर्रे ने श्री सिंघार को पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर आदिवासी कांग्रेस उपाध्यक्ष भंवर सिंह कावरे, दुर्गा प्रसाद कुमरे, कपिल सूर्यवंशी, अभिषेक लोधी, गौरव मेवाडा, प्रशांत भैरवे, सुयश प्रताप तोमर, सचिन पटेल, राहुल रघुवंशी, मंगल वर्मा, विमलेश उइके, गबुलाल उइके, अंकित कौशल, मनीष लोधी, माधव सिंह कुमरे, दिनेश, रामदास परते, अनिल वेलवंशी, प्रिंस ठाकुर, लल्ला,आदित्य लोधी सहित बडी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## मदरसा बोर्ड की 5वीं और 8वीं की अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा के निर्देश जारी

**सीहोर**। सचिव, मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड द्वारा 5वीं और 8वीं की अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं। सचिव ने बताया है किम.प्र. मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त एवं राज्य शिक्षा केन्द्र से डाईस कोड प्राप्त मदरसों की वार्षिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं पूर्व वर्ष की भांति राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा-निर्देश एवं समय सारणी अनुसार आयोजित होंगी। इसकी सूचना प्रदेश के समस्त मदरसों को बोर्ड द्वारा दी जा चुकी है।

मदरसा बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्माण राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्लूप्रिंट अनुसार मदरसा स्तर पर कराकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आयोजन उपरांत हर कक्षा के प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्रों की एक-एक प्रति बी.आर.सी. कार्यालय में अनिवार्यतः जमा कराई जाए। समस्त मदरसे अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मदरसा प्रभारी एवं बी.आर.सी. कार्यालय के सतत संपर्क में रह कर अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश अनुसार समय सीमा में पूर्ण करायें। जिन मदरसों को डाईस कोड आवंटित नहीं हुआ है, वह मदरसा बोर्ड की मान्यता के आधार पर अपने जिला शिक्षा केन्द्र से डाईस कोड आवंटित कराने के लिये शीघ्र संपर्क करें।

## जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने निकाली जा रही संकल्प यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों से कर रहे सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-नरसिंहगढ़

विधानसभा की विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत कांसोरकला, आलमपुरा पहुंची। सरपंच प्रकाश मीणा ने यात्रा में आए भाजपा के वरिष्ठ नेता मानसिंह राजपूत,रामनारायण दांगी नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, वीरेंद्र यादव एव सभी का स्वागत किया। इस दौरान सभी ग्राम वासियों को एवं ईदग्रहियों को विकसित भारत संकल्प दिलाया गया। इस दौरान सभी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को नीचे तक कैसे उतारा जा रहा है इसके बारे में बताया। ग्रामीण क्षेत्र में अगर कोई व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह गया हो तो इस शिविर के माध्यम से उन योजनाओं में अपना आवेदन कर सकता है। ऐसी तमाम प्रकार की सरकार की योजनाओं की जानकारी भाजपा नेताओं ने दी सभी विभागों के अधिकारी इस दौरान उपस्थित रहे।

## विधायक ने शासन की योजनओं का लाभ लेने की आम जनमानस से की अपील



केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। शुक्रवार को जनपद नरसिंहगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुरा, चैनपुराकलां, सराना और बडोदियातालाब संकल्प यात्रा पहुंची और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा नरसिंहगढ विधायक मोहन शर्मा भी यात्रा में सम्मिलित हुए। साथ ही यात्रा में हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों की समस्याओं को सुना व निराकरण करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जाना है। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जा रहे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जा रहे है। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जा रहे है, जन धन जीवन ज्योति योजना के नए आवेदन, कृषि विभाग द्वारा योजनाओं का लाभ देने के साथ साथ उन्नत कृषि यंत्र एवं ड्रोन के माध्यम से कीट नाशक एवं उर्वरक छिड़काव की उच्च तकनीकी का प्रदर्शन भी किया जा रहा है, ताकि किसान इस तकनीकी के उपयोग को अपना सकें। पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण व संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सारंगपुर बना गौवंश परिवाहन का हव, महाराष्ट्र ले जा रहे थे गौवंश

## हिन्दू संगठन की मदद से पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



गौवंश के संरक्षण को लेकर भले ही सरकार जगह-जगह और गांव गांव में गौशाला खोलकर वहां उन्हें तमाम तरह की सुविधाएं देने की बात कर रही है। लेकिन हर साल सैकड़ों की संख्या में गौवंश का परिवहन हो जाता है। लेकिन अभी तक जो मामले सामने आए या तो गौ रक्षकों के हस्तक्षेप के बाद गौवंश का परिवाहन पकड़ा गया या फिर वाहन खुद खराब हो गए। जिसके बाद यह जानकारी पुलिस तक पहुंची । जिले सहित आसपास के जिलों के विभिन्न थानों की यदि बात की जाए तो गौवंश के परिवाहन को लेकर छोटी मोटी कार्यवाही देखने को मिलती जिनमें अधिकांश गौ तस्कर सारंगपुर के ही होते हैं।

अवैध गौवंश परिवहन का एक मामला शुक्रवार को पचोर थाने का सामने आया है। हिंदू संगठन के लोगों की मदद से गौवंश से भरी दो पिकअप बोलेरों वाहन रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे से जब्त की है। दोनों पिकअप में 4-4 बैल ठूंस-ठूंस कर भरे थे। जिन्हें आरोपी गोकशी के लिए महाराष्ट्र ले जा रहे थे। ड्राइवर साबिर पिता रज्जाक खां निवासी शेखपुरा सारंगपुर और क्लीनर बाबूलाल भागीरथ निवासी सिलावटवाड़ी सारंगपुर और पिकअप एमपी 09 जीजी 1034 के ड्राइवर सलमान पिता रफीक खां निवासी फकीरवाड़ा और क्लीनर फारुख पिता रईस खां निवासी खारिया मोहल्ला सारंगपुर के कब्जे से दोनों पिकअप से 4-4 गोवंश मुक्त कराए। दोनों पिकअप में बैलों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। बताया जा रहा है कि आरोपी बैलों को सुठालिया से लाकर मक्सी ले जा रहे थे। जहां से वाहन बदलकर महाराष्ट्र भेजा जाना था। पुलिस ने पशुक्रूरता अधिनियम की धारा 11 (1) घ, और 1960 की धारा 4 कृषि पशु परीक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है।

### मामला दर्ज किया

हिन्दू संगठनों की सूचना पर बेलों से भरी दो पिकअप जप्त की है। आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**आकांक्षा शर्मा,** थाना प्रभारी पचोर



## उत्पाति बंदरों का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**सारंगपुर।** समीप ग्राम नैनवाड़ा में विगत 20-22 दिन पहले एक बंदर पागल हो गया था। जिसके हमले से सरपंच राजेंद्र राजपूत सहित दर्जन भर लोग घायल हो गए थे। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक गौतम टेटवाल के निर्देश वन विभाग ने बंदरों के संपूर्ण झुंड का रेस्क्यू किया गया। इस दौरान ग्रामीण जनों के अथक प्रयास व सहयोग से यहां नरसिंहगढ़ चिड़ियाखो के लिए रवाना किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद वन विभाग टीम के योगेंद्र यादव, पटवारी योगेश सक्सेना,सरपंच राजेंद्र सिंह राजपूत, सहसचिव विष्णु प्रसाद, उपसरपंच कन्हैयालाल गुर्जर, हीरा चैधरी,साहिका निर्मला परिहार एवं ग्रामीण जन लखन परिहार, राकेश राजपूत, रामबाबू राजपूत, मोहन राजपूत, देव सिंह सिसोदिया, कमल सिंह सिसोदिया, अकास मालवीय सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### गत दिवस नगर में हुई चोरी का मामला

# आर्टिफिशियल ज्वेलरी हुई थी चोरी, रिपोर्ट में लिखवा दी असली



चोरों ने मेन मार्केट स्थित जैन मेडिकल वाले दीपक जैन के घर को बनाया निशाना

व्यापारी के सूने मकान से नकदी सहित 20 लाख का माल चोरी

पुलिस ने खंगाले आसपास के सीसीटीवी फुटेज

साढ़े चार लाख नकदी सहित जेवरात चोरी

**राजगढ़।** गत दिवस मेन मार्केट स्थित जैन मेडिकल के सूने मकान में चोरी की वारदात हुई थी। उस समय फरियादी द्वारा की गई रिपोर्ट में लिखवाया गया था कि करीब 20 लाख रुपए की चोरी हुई है जिनमें साढ़े 4 लाख रुपए नकद एवं बाकी के सोने की चेनें, गहने आदि शामिल हैं। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े चोर से जब पुलिस ने अपनी भाषा में पूछताछ की तो उसने सब सच उगल दिया। संबंधित चोर ने पुलिस को बताया कि जहां उसने चोरी की वहां से मिले गहने नकली थे। उसने जब इन गहनों को मार्केट में बेचने का प्रयास किया तब यह बात मालूम हुई। पुलिस ने भी जब इन गहनों को चेक करवाया तो सभी गहने आर्टिफिशियल निकले हैं। आगामी दिनों में पुलिस इस पूरे मामले पर से विस्तार से पर्दा उठाने वाली है।

### आवाज की उठाने वालों की आवाजें दबाने से जनता चुप नहीं रहेगी

# 143 सांसदों के निलंबन के विरोध में जिला कांग्रेस का धरना, लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




मनचाहे फैसले सरकार द्वारा लिए जा रहे हैं। गलत फैसलों पर आवाज उठाने वालों की आवाजें दबाई जा रही हैं। जनविरोधी बिलों व अन्य मसलों को लेकर जब कांग्रेस व समर्थित सांसदों ने आवाज उठाई तो 143 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। यह लोकतंत्र का उपहास है। तीन राज्यों में सरकार आने से केंद्र सरकार अतिउत्साहित होकर निरंकुश हो गई है।

उक्त बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित सहित अन्य इंका पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर शुक्रवार को आयोजित धरना प्रदर्षन को संबोधित करते हुए कही। अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक साथ इतने सांसदों को निलंबित कर दिया गया, ताकि भाजपा वो सब कर सके जो वो चाह रही है। आवाज उठाने वालों की आवाजें दबाने से जनता चुप नहीं रहेगी। आगामी लोकसभा चुनावों में जनता अपना जवाब भाजपा को देगी। धरना प्रदर्षन को पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने भी संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की।

## इंदौर पब्लिक हाई स्कूल ब्यावरा में नन्हे-नन्हे बच्चों को कराया अंजनीलाल मंदिर का भ्रमण



**ब्यावरा।** बुधवार को संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा के नन्हे नन्हे बच्चो को कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चो को अंजनीलाल मंदिर भ्रमण व पिकनिक के लिए स्कूल बस द्वारा उचित स्टाफ व प्रिंसिपल सर व मैम की उपस्थिति में ले जाया गया। सभी नन्हे नन्हे बच्चे जय श्रीराम, जय हनुमान के नारे लगाते गए और भगवान श्रीराम के दर्शन किए। फिर सभी ने भगवान अंजनी लाल के दर्शन और शिव शंकर के दर्शन किए। सभी बच्चों को लंच करवाने के पश्चात बच्चो के बीच खेल गतिविधियां करवाई गई। इस बीच शिक्षक बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

### विजेता टीमें अब खेलेंगी संभाग

# अंर्तजिला प्रतियोगिताएं संपन्न अब ये टीमें खिलेंगी संभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



जिला मुख्यालय पर विभिन्न खेलों की दो दिवसीय अंर्तजिला प्रतियोगिताएं चल रही हैं। दूसरे दिवस वॉलीबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता (बालिका) में हिन्द कान्वेंट स्कूल नरसिंहगढ़ की टीम विजेता रही चाटूखेड़ा स्कूल राजगढ़ की टीम उप-विजेता रही। तृतीय स्थान पर ब्यावरा आयडियल कान्वेंट स्कूल की टीम ने पाया।

इसी तरह बालक वर्ग में करनवास राजगढ़ की टीम विजेता, ब्यावरा आयडियल उपविजेता एवं तृतीय स्थान पर खिलचीपुर की टीम रही। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला क्रीडाधिकारी करण सिंह भिलाला, जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र सिंह परमार, प्राचार्य महेष गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पीटीआई रवींद्र सिंह तोमर, सीता श्राफ, शबीर गोरी, अतीक खान, फिरोज लोधी, गोपाल परमार, योगेष तिवारी, रामकुमार पुष्पद, किरण वर्मा, अरुण साहू, राषिद खान सहित अन्य उपस्थित रहे। विजेता एवं उप-विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। अब विजेता टीमें 28 दिसंबर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

### मौजूद रहे शिक्षाविद व गणित विशेषज्ञ

# एमटीएम में मनाया गया गणितज्ञ रामानुजन का जन्मदिवस



**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था एमटीएम कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा में विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ एवं भारत के महान वैज्ञानिक श्रीनिवास रामानुजन का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को संस्था में आयोजित इस गणित दिवस के दिन नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद डीआर यादव कमल आलोक प्रसाद एवं सत्येंद्र सेंगर मुख्य रूप से बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिए उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों के द्वारा गणित विषय को कैसे मनोरंजन बनाया जाए इसके लिए अलग-अलग तरीके से पावर पॉइंट के माध्यम से रंगारंग डांस के माध्यम से एवं अपने भाषणों के माध्यम से अपनी बात रखी। साथ ही उपस्थित तीनों ही शिक्षाविदों ने गणित को लेकर बच्चों के मन की भ्रांतियां को दूर किया तत्पश्चात संस्था के डायरेक्टर डॉ मुकेश मारू ने उपस्थित तीनों अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। संस्था प्राचार्य श्रीमती नीलिमा शर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन गणित की शिक्षिका कुमारी कृष्णा गगरानी ने किया।



## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के 1 दिन पूर्व मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**सारंगपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित किया गया था। इसलिए शासन द्वारा उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता आ रहा है। क्योंकि 23 दिसंबर को शनिवार व 24 दिसंबर को रविवार होने से अवकाश होने के कारण शुक्रवार को तहसील कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा अपने अपने कार्यालय पर सुशासन दिवस मनाते हुए सुशासन की शपथ ली। इस अवसर पर एसडीएम संजय उपाध्याय तहसीलदार मनोज शर्मा,महेंद्र जोनवार,शक्ति सिंह ,करण परिहार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# गायों को ठंड से बचाने पंजाबी महिला समिति आगे आई




**अशोकनगर।** पंजाबी महिला विकास समिति (अशोक नगर) ने विभिन्न-विभिन्न जगह पर घूम रही लावारिस गायों को टाट के बोरो में रस्सी बांध कर गायों को ठंड से बचाने का प्रयास किया।समिति की अध्यक्ष प्रिया खुराना ने बताया कि इस कार्य को सफल बनाने के लिए हमारे निवेदन करने पर नगरपालिका के अध्यक्ष नीरज मनोरिया जी ने उत्साह पूर्वक हमारा बहुत सहयोग किया, साथ ही मौके पर अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर कार्य को सरल और सफल बनाया। लगभग 150-200 गायों को ठंड से बचाने के लिए गुड के लड्डू खिलाए गए और साथ ही उन्हें चारा भी डाला गया। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ सचिव गायत्री,अरुणा, हनी, प्रियंका, रानी,सुनीता,भारती,रजनीआदि उपस्थित रहे।

## साइकिल की टक्कर से युवक की मौत

**राजगढ़।** स्थानीय संकटमोचन कॉलोनी के समीप की सुनसान सड़क पर साइकिल से गिरकर युवक की मौत हो गई। मृतक के साथ ही उसका चार वर्षीय पुत्र भी था जो काफी समय तक वहां रोता रहा क्योंकि रोड सुनसान थी। जानकारी के अनुसार सर्जन पिता रंगलाल गुजर निवासी ग्राम गगोरनी गुरुवार अपने गांव जा रहा था। उनका चार वर्षीय बेटा भी सर्जन के साथ था। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के समीप की सड़क पर किसी साइकिल सवार ने सर्जन को टक्कर मार दी। गिरकर सर्जन का सिर किसी पत्थर से टकराया और सर की चोंट के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चार साल का बेटा रात के अंधेरे में रोता रहा। बाद में कोई बाइक चालक उधर से गुजर रहे थे उन्होंने रुककर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवाया। वहीं साइकिल भी जब्त की है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### टीआई को फोन लगाकर तुरंत कार्रवाई के दिए निर्देश

# एसपी मीणा ने दिव्यांग दंपती के समीप बैठाकर सुनी उनकी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



मलावर थानाक्षेत्र के खेजड़ा महाराजा में करीब डेढ़ माह पूर्व एक विकलांग दंपत्ति से उनके ही परिवार वालों द्वारा मारपीट की गई। आंखों से देखने में अक्षम महिला के साथ उन्हीं के जेठ रामकिशन केवट ने छाती पर पैर रखकर बुरी तरह मारा-पीटा। पीड़ति दंपत्ति ने मलावर थाने पहुंचकर लिखित में शिकायत दर्ज करवाई लेकिन थाना स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ऐसे में यह पीड़ित दिव्यांग दंपत्ति संगीता केवट और शिवनारायण केवट शुक्रवार दोपहर पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा से गुहार लगाने पहुंचे। एसपी कार्यालय में अक्सर कईं लोगों के षिकायती आवेदन पहुंचते हैं परन्तु जब एसपी मीणा को मालूम हुआ कि शिकायतकर्ता पति-पत्नी दोनों ही दिव्यांग हैं तो उन्होंने दोनों को समीप बैठाकर इत्मिनान से उनकी समस्या सुनी और कार्रवाई का आष्वासन दिया। दंपत्ति ने उन्हें बताया कि सरपंच का हस्तक्षेप होने के कारण मलावर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### सीधे मलावर टीआई को लगाया फोन

एसपी मीणा ने मलावर टीआई गोयल को तल्ख लहजे में फोन लगाकर तुरंत कार्रवाई के निर्देष दिए। उन्होंने टीआई से कहा कि आप थाना स्तर पर ही पीड़ितों की समस्याएं क्यों नहीं सुन पा रहे हैं, जो उन्हें मेरे पास आना पड़ रहा है। आगे से ऐसा न हो और थाना स्तर पर ही आमजनों की समस्याएं सुलझाने के निर्देश उन्होंने टीआई को प्रदान किए।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़



शासकीय महाविघालय ईसागढ़ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा शपथ ली गई। जिसमे डॉ दीपा बर्मा,डॉ जेपी सिंह, डॉ आशीष कुमार सिंह. रवि राजकुमार रचना और समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। शपथ का वाचन डॉ जवाहर टैगोर ने किया।

मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि प्रदेश में सुशासन को उच्च मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूंगा और शासन को अधिक पारदर्शी,सहभागी, जनकल्याण केंद्रीय तथा जवाबदेही बनाने के लिए हर समय प्रयास करता रहूंगा/ रहूंगी प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर पर रहूंगा। डॉ जवाहर टैगोर ने अपने विचार रखे।

### अटल जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला

अटल विहारी वाजपेयी एक महान कवि, लेखक, एक राज नेता भी थे. जीवन भर अविवाहित रहे ओर अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया. प्रधानमंत्री काल मे कई बड़े बड़े फैसला भी लिए उनके जीवन संघर्ष को भारत के हर नागरिक याद रखेगा। ऐसे महान राजनेता को जन्म दिन कि बहुत बहुत बधाई प्रेषित की.कार्यक्रम मे समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए विधायक



**जावर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बमुलिया रायमल, कुंडिया नाथू, वह कजलास में शामिल हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर। लाभान्वित पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया। राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राज्य और केंद्र सरकारों ने अन्य को योजनाओं के माध्यम से अनेकानेक लोगों को लाभान्वित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और नेतृत्व में भारतवर्ष नई ऊंचाई छु रहा है हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भी कई योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जन ,जन प्रतिनिधि ग्रामीण जन अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे वही ग्राम कुंडिया नाथू में सरपंच राजा ठाकुर ने बड़े ही धूमधाम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया।

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन सौंपा



**जावर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जावर तहसीलदार को कांग्रेस के पदाधिकारी द्वारा ज्ञापन दिया गया केंद्र सरकार ने लोकसभा एवं राज्यसभा के 142 सांसदों को निलंबित कर लोकतंत्र की हत्या की गई है इसके विरोध स्वरूप कांग्रेस द्वारा ज्ञापन दिया गया जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र कुमार भरेवा ,शैलेंद्र सिंह बावड़ी ,भीष्म सिंह पप्पू डॉक्टर,सूरज सिंह बमुलिया रायमल, हरेंद्र सिंह भाटी,बहादुर परिहार,पप्पू भाई, रूप सिंह ,आबिद हुसैन, अहद सिद्दीकी, पवन ठाकुर, योगेंद्र भाटी,देवेंद्र सिंह,योगेंद्र, अफसर भाई, इमरान खान, योगेंद्र, कपिल, देवराज, सूरज सिंह ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर विद्युत उपभोक्ताओं पर करीब 25-25 लाख है बकाया

# बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने 41 उपभोक्ताओं के कंपनी ने काटे कनेक्शन

### 60-70 लाख बकाया वाले ट्रांसफार्मर भी बिजली कंपनी के अभियान में है शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी ने बताया कि 22 दिसंबर शुक्रवार को 35 ट्रांसफार्मर बंद कराएं, प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर विद्युत उपभोक्ताओं पर करीब 25-25 लाख रुपए बकाया है। अभी तक 80 ट्रांसफार्मर बंद कराएं गए ।60-70 लाख बकाया वाले ट्रांसफार्मर भी शामिल हैं। वहीं बिजलेंस द्वारा विद्युत चोरी के प्रकरणों में वसूली कर बील जमा कराया जा रहा है। नगर के 41 विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद कराए गए हैं ।क्योंकि उन पर करीब 10 लाख रुपए बकाया था।

श्री वाधवानी ने बताया कि बकायादार घरेलू उपभोक्ताओं को एक-दो दिन का समय दिया है। व्यापार करने वाले बकायादारों पर वसूली हेतु सख्त कार्रवाई की जा रही हैं। उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी ने बताया कि खाचरोद विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खामखेड़ा जत्रा, लाखूखेड़ी, लसूडिया विजय सिंह, लाखिया आदि ग्रामों से शुक्रवार को 35 ट्रांसफार्मर बकाया राशि वसूलने के लिए बंद कराए गए हैं।नगर में 41 उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई करीब 10 लाख की बकाया राशि वसूलने हेतु विच्छेद कराई गई है,विशेष कर दुकान वालों की। घरेलू कनेक्शन वालों को एक-दो दिन का समय भी दिया गया है ,ताकि वह भुगतान जमा करा सके। विदित रहे कि विधानसभा चुनाव निपटते ही विद्युत वितरण कंपनी ने वसूली सख्ती से शुरू कर दी।

पिछले 1 सप्ताह में बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटने के साथ ही जब्ती की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। बिजलेंस द्वारा विद्युत चोरी के प्रकरणों पर बनाए गए बिजली बिलों की वसूली भी सख्ती से की जा रही है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए वसूली की सख्ती को बिजली कंपनी ने 2 माह के लिए रोक दिया था। चुनाव निपटते ही कंपनी अपने फार्म में लौटी और 7 टीमें कार्रवाई के लिए बनाईं। जिसके तहत अभी तक 80 ट्रांसफार्मर बंद कर दिए गए ।साथ ही 1 हजारों कनेक्शन भी काट दिए। विधानसभा चुनाव के दौरान सख्ती देखने को नहीं मिली। बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी ने बताया कि सख्ती से वसूली की कार्रवाई की जा रही है। हर दिन 150 कनेक्शन काटे जा रहे हैं। कई उपभोक्ता ऐसे रहते हैं जो वसूली जमा करने की बोलने पर विवाद करते हैं। बिजली कंपनी के अधिकारी लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

## सनातन धर्म का मजाक नहीं बनाएं: बजरंगदल

### कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**आष्टा।** राष्ट्रीय बजरंगदल पखंड अध्यक्ष की उपस्थिति में सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राष्ट्रीय बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष कालु सोनी और नगर अध्यक्ष राम वर्मा आष्टा ने तहसील कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में बताया की क्षेत्र के सभी विद्यालयों में हर वर्ष 25 दिसम्बर के दिन क्रिसमस का त्यौहार बनाया जाता है जिसमें विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त सनातन धर्म के छोटे-छोटे छात्र और छात्राओं को उक्त किसमस के त्यौहार के लिये सेन्टाक्लॉस बनाया जाता है। जिससे सनानत धर्म का अपमान होता है व विपरीत असर पढता है। व सनातन धर्म की धार्मिक भावनाए आहूत होती हैजिससे सनातन धर्म के समस्त लोगा मे आकोश है। निवेदन कर आपको सूचित किया जाता है कि क्षेत्र के समस्त विद्यालयों को सूचित करे कि हर वर्ष 25 दिसम्बर क्रिसमस के दिन अध्ययनरत सनातन धर्म के छात्र-छात्राओं को सेन्टोक्लॉस ना बनाया जावें। यदि इसके विपरीत भी समस्त विद्यालयों में 25 दिसम्बर क्रिसमस के दिन सनातन धर्म के समस्त अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सेन्टाक्लॉस बनाया जाता है तो राष्ट्रीय बजरंग दल इसका विरोध कर कानुनी कार्रवाई कराएंगे। जिसके समस्त परिणामों की जवाबदारी संबंधित विभाग की रहेगी।

## सीएम राइज स्कूल में हुई प्री-टेस्ट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन के निर्देशानुसार सी एम राइज विद्यालयों में 21वीं सदी के कौशल अंतर्गत कक्षा 6, 7, 8 में डीजीटल लिट्रेसी यानी कंप्यूटर की कक्षाएं नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। जिसके तहत विद्यालयों को पाठ्यक्रम एवं कंटेंट भी भेजा गया है। मंगलवार 19 दिसंबर को प्री टेस्ट परीक्षा सीएम राइज स्कूल बुधवारा में संपन्न हुई। जगह का अभाव होने के पश्चात संस्था के प्रधानाध्यापक जितेंद्र गुठानिया सहित स्टाफ कर्मियों एवं विद्यार्थियों का उत्साह एवं लगन देखने लायक थी। कम जगह के पश्चात भी व्यवस्थित रूप से परीक्षा एक तरफ जहां विद्यार्थी दे रहे थे ,वहीं दूसरी तरफ स्टाफ कर्मी भी सतत नजर इन विद्यार्थियों पर रखकर परीक्षा संपन्न करा रहे थे। कंप्यूटर/आईटी शिक्षकों की ट्रेनिंग के पश्चात पाठ्यक्रम अनुरूप लगभग 102 विद्यालय अपनी कंप्यूटर कक्षाएं नियमित संचालित भी कर रहे हैं। इसी क्रम में बढ़ते हुए, बच्चों के इन कौशलों संबंधित जानकारी एकत्रित करने हेतु सी एम राइज माध्यमिक विद्यालय बुधवारा आष्टा में एक 30 मिनट का प्री टेस्ट लिया गया। इस टेस्ट का उद्देश्य बच्चों में कंप्यूटेशनल थिंकिंग की समझ व 21वीं सदी के कौशल विकास को समझना है।

## स्वसहायता समूह ने की शौचालय ग्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारत सरकार द्वारा क्लीन टॉयलेट कैंप के द्वारा सार्वजनिक शौचालय ग्रेडिंग के तहत सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई एवं देखरेख करने के लिए तथा उसमें उपलब्ध सामग्री को संचालित रहने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि (स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर) रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरु भाई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना सहायक यंत्री अनिल धुर्वे स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण करता मेवाड़ा और सीएमओ व धुर्वे और एसएचजी ग्रुप ने निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक शौचालय में संचालित सामान जैसे साफ-सफाई एग्जॉस्ट फैन सेनेटरी नैपकिन मशीन इंसीनरेटर मशीन फीड बैक मशीन हैंड ड्रायर वाश बेसिन दरवाजे में कुंडिया शौचालय में प्रकाश नल में पानी विकलांग के लिए सीट शौचालय के बाहर लाइट शौचालय में पुरुष एवं महिला दोनों के लिए डस्टबिन आदि का निरीक्षण किया गया स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान के अंतर्गत निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय की ग्रेडिंग हेतु सार्वजानिक शोचालय बस स्टैंड, जनपद पंचायत के पास, एवं कन्नौद रोड मंडी गेट के पास, मुक्तिधाम के सामने वाले सार्वजनिक शौचालय की ग्रेडिंग किया गया। सभी सार्वजनिक शौचालय ग्रेडिंग के दौरान निरीक्षक करता के द्वारा संतोषजनक पाया गया तथा सार्वजनिक शौचालय पर उपस्थित कर को शौचालय में प्रतिदिन साफ सफाई रखने के लिए समझाया हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान स्थापना शाखा मनीष श्रीवास्तव सहायक यंत्र अनिल धुर्वे पार्षद गण कमलेश जैन डॉक्टर सलीम खान ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना, ऋतु सक्सेना सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, पार्वती शर्मा, अनुराग स्व सहायता समूह और बाबा रामदेव स्व सहायता समूह रीना कुशवाहा, रीना पांडे, प्राची प्रजापति, कौशल्या सिसोदिया, बबीता सेन, सरोज ऋतु जैन, जमादार पप्पू खरे, सुशील पांचाल आदि उपस्थित थे।

## 22 जनवरी को घर-घर ध्वज फहराकर दीप जलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अयोध्या में राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहां पर 16 से 22 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे।इस दिन जैसा उत्साह अवधपुरी में होगा वही उत्साह संपूर्ण रामभक्तों में समाहित हो और प्रभु श्रीराम की अगवानी के लिए संपूर्ण जगत में दीप सज्जा की जाएगी। इसी आयोजन को नगर में करने के लिए विश्व हिंदू परिषद आरएसएस द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है।अयोध्या जी से आष्टा पहुंचा मंगल कलश, कलश यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी ने विशेष सहयोग किया था। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह सेवा प्रमुख गोपालदास राठी ने 22 जनवरी के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। श्री राठी ने बताया कि अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को 500 वर्ष की प्रतीक्षा पूर्ण होगी और अपने दिव्य भवन में प्रभु श्रीराम विराजित होंगे। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन में सभी का सम्मिलित होना संभव नहीं है। इस आयोजन में हजारों लोग शामिल हो सकेंगे। लेकिन संपूर्ण समाज इस आयोजन में सहभागी हो सके, इसके लिए संघ द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई है। जिसमें संघ के कार्यकर्ता 1 से 15 जनवरी तक संपूर्ण समाज में घर-घर जाकर अवधपुरी से आए पीले चावल देकर आमंत्रित करेंगे और उस दिन को विशेष बनाने का आग्रह भी करेंगे। आपने बताया कि इस दिन सभी अपने-अपने घरों पर ध्वज फहराएंगे और जैसी तैयारियां वे दीपावली को लेकर करते हैं वैसी ही तैयारियां इस दिन के लिए कर रहे हैं और जैसी खुशी प्रभु के आगमन की अवधपुरी वासियों ने मनाई थी वही उत्साह पूरे देश में नजर आएगा। श्री राठी ने बताया कि इस दिन मेरा नगर एवं मेरा गांव मेरी अयोध्या बने ,इसके लिए सभी लोगों से अपील करेंगे कि इस दिन अपने-अपने नगर व गांवों में प्रभात फेरियां निकालें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रहे अक्षत कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर तहसील के आखिरी मंडल ग्वालि में अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जावर तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी 88 गांव में अक्षत कलश पहुंच चुके हैं। अब गांव के सभी हिंदू संगठन चाहे वह संघ से जुड़े हो या विश्व हिंदू परिषद से बजरंग दल से विद्या भारती से या गांव के छोटे-छोटे मंडल जो सनातन धर्म की ध्वजा लेकर चल रहे हैं। सभी कि यह जवाबदारी है कि अब 1 जनवरी से 15 जनवरी तक यह अक्षत हर घर में पहुंचे। इसी आशा और विश्वास के साथ सभी मंडलों को यह कलश दिए गए हैं।

यह बात विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने कलश वितरण कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में अक्षत कलश के साथ डॉ ओमप्रकाश दुबे द्वारा सभी राम भक्तों को हनुमान चालीसा भी भेंट की गई। आज ग्वालि में अक्षत वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पांच गांव से पधारे गांव के नागरिक ढोल नगाड़े के साथ श्री राम मंदिर ग्वालि में एकत्रित हुए जहां हवन पूजन के पश्चात कथावाचक श्री दुबे का धार्मिक प्रवचन हुआ।

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ने अपना बौद्धिक दिया कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के धीरज सिंह ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर इस अभियान संयोजक एवं प्रखंड के अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, जावर नगर उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर की उपस्थिति में ग्राम अतरौलिया, ग्राम जागीर पिपलिया, ग्राम पंचापुरा, ग्राम बड़ा गुराडिया और ग्वालि के गांव को अक्षत कलश दिए गए। कलश वितरण कार्यक्रम को भव्य रूप देने में ग्वालि संस्कृतिक मंडल का योगदान बहुत ही सराहनिय रहा। कलश वितरण के पश्चात गांव में एक भव्य जुलूस निकाला गया। सभी लोग अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान किया कार्यक्रम का संचालन संघ के विनोद पाटीदार ने किया।

### देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया क्रिसमस पर्व




**आष्टा।** देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा में क्रिसमस पर्व पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा बड़े ही हर्षोल्लास से क्रिसमस पर्व मनाया गया।कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों द्वारा ₹समूह नृत्य, गायन, क्रिसमस केरोल्स, लघु नाटिका,आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा मंच संचालन छोटे बच्चों द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक के सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरण की गई।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल संचालकगण व विद्यालय प्राचार्या उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी को क्रिसमस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## घोष दल प्रांत स्तर पर करेगा सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सरस्वती विद्या मंदिर के 31 भैया बहिनों का दल प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता हेतु ग्वालियर रवाना होगा। विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सोलंकी ने बताया कि राजगढ़ विभाग से जिसमें सीहोर, गुना एवं राजगढ़ जिले सम्मिलित है। सभी नगरीय विद्यालयों से जावर की बाल वर्ग इकाई का चयन प्रांत स्तरीय घोष प्रतियोगिता हेतु हुआ है। उक्त प्रतियोगिता 26 दिसंबर को बाल दिवस के अवसर पर ग्वालियर के केदारधाम विद्यालय में होगी। जिसमें संपूर्ण प्रांत से 300 से अधिक भैया बहिन सहभागिता करेंगे। इस प्रतियोगिता हेतु भैया बहिन घोष शिक्षक लखन श्रीवादी एवं घोष प्रमुख आचार्य विजेंद्र सिंह के निर्देशन में तैयारी कर रहे हैं। भैया बहनों की उपलब्धि पर विद्यालय के व्यवस्थापक बाबूलाल पटेल, अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जयनारायण राठौर, सहसचिव जीवन सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष प्रहलाद दास अजमेरा, बहादुर सिंह ठाकुर ,कैलाश सोलंकी, खुमान सिंह ठाकुर, सुनील जैन, संतोष महेश्वरी, सरोज भावसार विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य परिवार ने बधाई दी।

### नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा श्री राम कथा में हुए शामिल

# कथा मानव को मर्यादा में रहना सीखाती है: मिट्ठूपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के नए थाने के सामने स्थित विजया दशमी दशहरा मैदान पर सात दिवसीय श्रीराम कथा मिट्ठूपुरा सरकार के मुखारबिंद से चल रही है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने साथियों के साथ पहुंचे। जहां श्रीराम दरबार की आराधना की गई, वहीं मिट्ठूपुरा सरकार का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

श्रीराम कथान को श्रवण करवाते हुए मिट्ठूपुरा सरकार ने कहा कि रामकथा का आनंद तभी है, जब वक्ता और श्रोता दोनों सुर, लय, ताल मिलाकर कथा का रसपान करें। प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे। प्रेम के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है। रामकथा का महत्व हमेशा से है और आगे भी रहेगा। यह भगवान की लीला, चरित्र व गुणों की गाथा है। इसके श्रवण और कथन के प्रति हमेशा एक नवीनता का भाव बना रहता है। प्रभु श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा में रहना सीखाता है, बड़ों का सम्मान व अपनों के प्रति समर्पित भाव उत्पन्न होते है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद रवि शर्मा, मनीष धारवां, वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, राधेश्याम सोनी, संजीव सोनी पांचम, कैलाश पांचम, राजू राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## विधायक ने ग्रामीणों को बताई योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत खाचरोद पहुंची संकल्प यात्रा में नवनियुक्त विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर शामिल हुए। विधायक का ग्राम वासियों द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन प्रमुख योजनाओं के सफल क्रियान्वयन वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं नीचे तक चल रही है। अगर कोई व्यक्ति योजना से वंचित रह जाता है तो उनको योजनाओं में शामिल करने का प्रावधान इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में रखा गया है। ग्राम वासियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना आदि के आवेदन अधिकारी को दिए गए। जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को हित लाभ के पत्र वितरण किए। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, तहसीलदार मुकेश सांवले, मंडल अध्यक्ष प्रताप जाट, खाचरोद ग्राम पंचायत सरपंच शंकर पटेल जाट, रेवा शंकर जाट, शिव पाटीदार, कन्नौज मिर्ची बहादुर सिंह मालवी, जनपद सदस्य नबि लाल जाट, लल्लू जाट, अजाप सिंह ठाकुर, डीडी वैरागी, डॉ कमल वर्मा, डॉक्टर विजेंद्र सिंह ठाकुर, दिनेश जैन, सोहन सोनी, बलराम जाट, भूजराम जाट, हजारीलाल जाट रामभरोस जाट सचीव लखन वर्मा रोजगार सहायक, सूरज जाट, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता व समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।